आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 07.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत की उपलब्धियों और सफलताओं से दुनिया भर में उम्मीद की एक नई किरण दिखाई दी है।
- आज जन औषधि दिवस है।
- द्वीपसमूह में दो दिवसीय मधुमक्खीपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।
- पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग की ओर से माह व्यापी पशु जन्म नियंत्रण अभियान जारी।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की उपलब्धियों और सफलताओं से दुनिया भर में उम्मीद की एक नई किरण दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया कह रही है कि यह भारत का युग है। नई दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत आज विकास के पथ पर तेज़ी से अग्रसर है और वैश्विक विकास को गति दे रहा है। देश के विकास में राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने पिछले दशक में सुरक्षा बढ़ाने के महत्वपूर्ण उपायों को रेखांकित किया।

<><><><><><>

आज जन औषधि दिवस है। लोगों को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के उददेश्य से नवंबर दो हजार आठ में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना आरंभ की गई थी। तब से हर साल सात मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है ताकि इस योजना के बारे में जागरूकता और जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके। जेनेरिक दवाएं प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों पर कम कीमत में उपलब्ध कराई जाती हैं। इन केन्द्रों पर बाज़ार की तुलना में पचास से अस्सी प्रतिशत सस्ती दवाइयां खरीदी जा सकती हैं। श्रेष्ठ गुणवत्ता के लिए केवल प्रमाणित उत्पादनकर्ता से खरीदी गई दवाईयां हीं यहां मिलती है। इस योजना के प्रमुख पहल में सुविधा सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता है जिसकी कीमत केवल एक रुपये प्रति पैड है। देश के सभी जिलों में अब पन्द्रह हजार से अधिक जन औषधि केंद्र संचालित हैं।

<><><><><><>

दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरतों को पूरा करने के उददेश्य से मध्योत्तर अण्डमान के राफ्टर्स क्रीक में नया उप केन्द्र का उदघाटन किया गया। इस केन्द्र का उदघाटन स्वास्थ्य सचिव अनिल अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में गण्यमान्य अधिकारियों, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य, स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉक्टर सुजा एंथनी, डॉक्टर सिद्धा राजू सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने भाग लिया। समापन अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाराटांग की प्रभारी चिकित्सा डॉक्टर नादिया रहमान ने प्रशासन और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन ने निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उददेश्य से नई औद्योगिक एस्टेट नीति दो हजार पच्चीस को अधिसूचित किया है। यह नीति द्वीपसमूह में उद्योग निदेशालय और प्रशासन द्वारा विकसित और प्रबंधित सभी मौजूदा एस्टेट पर लागू होगी। यह नीति आधिकारिक राजपत्र में अपनी अधिसूचना की तारीख से लागू होकर संशोधित या निरस्त होने तक लागू रहेगी। अधिक जानकारी उद्योग विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय मधुमक्खीपालन और शहद मिशन योजना के तहत कृषि विभाग, राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड और किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से द्वीपसमूह में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम का उददेश्य वैज्ञानिक मधुमक्खीपालन में ज्ञान और कौशल को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण में स्थाई मधुमक्खीपालन के पहलुओं को विकसित करने पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षुओं को मधुमक्खी को संभालने और छत्ते लगाने के व्यावहारिक तरीकों से परिचित कराया जाएगा। यह कार्यक्रम आज और कल पंचायती समिति सभागार रंगत में आयोजित की जाएगी और दस और ग्यारह मार्च को फरारगंज में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से माहव्यापी पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। हाल ही में गाराचरामा स्थित पशु चिकित्सालय में आयोजित इस अभियान का उदघाटन क्षेत्र के वार्ड पार्षद वेट्रीवेल ने किया। उन्होंने आम जनता से रसोई के कचरे को अन्य नुकीले कचरे आदि के साथ प्लास्टिक की थैलियों में फेंकने से परहेज करने को कहा। उन्होने कहा कि मवेशी ऐसे कचरे को खाते हैं, जिससे उनकी जान के लिए खतरा पैदा होता है। उन्होंने सड़कों पर आवारा पशुओं की होने वाली

दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके उचित आवास के संबंध में जानकारी दी। इसी प्रकार का अभियान स्वराज द्वीप और डिगलीपुर के पशुचिकित्सालय में भी आयोजित किए गए।

<><><><><><>

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता और आजीविका कार्यक्रम के तहत ईआईएसीपी सेंटर, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण केन्द्र के संयुक्त सहयोग से एक ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वन और भोजन विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता का उददेश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति और भोजन के बीच संबंध को रचनात्मक तरीके से व्यक्त करना है। इस प्रतियोगिता में स्कूल और कॉलेज के छात्र, शिक्षक और शोधकर्ता भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी सत्रह मार्च तक अपनी चित्रकला को ई–मेल द्वारा भेज सकते हैं। चित्रकला जेपीईजी फारमेट में होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट अथवा फोन नम्बर दो तीन तीन एक चार आठ पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग द्वारा डाइट गाराचरामा में तीन दिवसीय चेस–इन–स्कूल कार्यक्रम का समापन एक शानदार रैपिड टूर्नामेंट के साथ हुआ। प्रतियोगिता की शुरूआत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भातू बस्ती के जे.डी. पुष्पाराज ने पहली चाल चलकर की। उन्होने शतरंज को एक शैक्षणिक टूल के रूप में अपनाने के महत्व पर जोर दिया और इस पहल की सराहना की। इस कार्यक्रम में साठ प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिसमें अविनाश टोप्पो को पहला, ए. अनिशा को दूसरा और अक्षय कुमार राय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक, खेल मोहम्मद इरशाद अहमद और विश्वनाथ सेन उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखा गया और सभी ने शतरंज को सीखने एवं खेलने के इस अवसर को सराहा।

<><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय के समन्वय से भारतीय तेल निगम द्वारा कल हैडो में अग्निकांड पर आपातकालीन प्रतिक्रिया अभ्यास किया गया। इस अभ्यास का उददेश्य वास्तविक समय में अग्नि दुर्घटना जैसी परिस्थितियों से निपटना था। इस अभ्यास में भारतीय तेल निगम, अण्डमान निकोबार पुलिस, एनडीआरएफ, सीआईएसएफ, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाएं और स्वास्थ्य सेवाएं मौजूद रहीं। अभ्यास की समाप्ति के बाद समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान पर्यवेक्षकों ने अभ्यास में पाई गई कमियों और निष्कर्षों को साझा किया। सभी विभागों और आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने भारतीय खेल निगम की टीम को भविष्य में किसी भी संकट से निपटने के लिए नियमित सुरक्षा प्रशिक्षण पर चर्चा की।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से अवैध गतिविधियों और अतिक्रमणों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। स्वच्छ ग्रीन लीफ रेंटिंग के तहत होटल व्यवसासियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को द्वीप समाचार में जगह मिली है। इसके अलावा अखबार ने दक्षिण अण्डमान जिले में सक्रिय तपेदिक सर्वेक्षण कार्य शुरू करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष ने लिटिल अण्डमान के हरमिंदर बे में आधार, जीवन प्रमाणपत्र और किसान सेवाओं के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के आग्रह के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रकाशित किया है। सत्रह सौ करोड़ रूपए की लागत से चाथम–बम्बूफ्लाट के बीच पुल निर्माण कार्य के अगले वर्ष शुरू होने के समाचार को इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है। स्वतंत्रता सेनानियों के पहले जत्थे के आगमन के उपलक्ष्य में चिन्मय मिशन में संगोष्ठी आयोजित करने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रथम पृष्ठ के मध्य में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>